पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-24

वृहस्पतिवार, दिनांक-29 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2907 जल संसाधन विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 134 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह

(ii) श्री कृष्णनन्दन यादव

(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(इनकी सूचना पर आसन के निदेश पर सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया)

(iv) श्री अशोक कुमार सिंह

(v) श्री प्रदीप कुमार

(vi) श्री चन्द्रशेखर

(vii) श्री राजकुमार राय

(viii) श्री जनक सिंह

(ix) श्री जवाहर प्रसाद

(x) श्री कुमार शैलेन्द्र

(xi) श्री राम नरेश प्रसाद यादव

(xii) श्री रामधनी सिंह

(xiii) श्री राजेश्वर राज

(xiv) श्री रामबालक सिंह

(xv) श्री मंजीत कुमार सिंह

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार एवं अन्य सभासदों के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित दिनांक 21.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर स्थगित हुआ ।

(ii) माननीय सदस्य श्री बीरेन्द्र सिंह एवं अन्य सभासदों का खान एवं भूतत्त्व विभाग से संबंधित दिनांक 21.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री अखतरूल ईमान एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 03.04.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iv) माननीय सदस्य डा० मो० जावेद एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 03.04.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

[4] सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-

माननीय सभापति, निवेदन समिति, श्री शालिग्राम यादव द्वारा समिति का 68वाँ प्रतिवेदन को सदन में उपस्थापन किया गया ।

(सभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि अपनी मांग को लेकर वेल में आकर बैठ गई । आसन द्वारा उनसे बार-बार अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन वे वेल में बैठी रहीं ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 4.35 बजे अप० तक ।

[5] वित्तीय कार्य:- राजकीय (वित्तीय) विधेयक:-

बिहार वित्त विधेयक, 2012 :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । स्वीकृति के प्रस्ताव पर माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा अपना पक्ष रखा गया । माननीय प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] सामान्य लोकहित के विषय पर विमर्श :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा सामान्य लोकहित के विषय "रोहतास सहित अन्य जिलों में पहाड़ों के अवैध खनन से उत्पन्न स्थिति" पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया ।

सामान्य लोकहित के विषय पर विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री कौशल यादव

(माननीय अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

(ii) डा० मो० जावेद

(iii) श्री प्रेमरंजन पटेल

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(iv) श्री कृष्णन्दन यादव

(v) श्री जवाहर प्रसाद

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विमर्श का उत्तर दिया गया ।

(इस दरम्यान आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार सरकार के उत्तर तक किया गया ।)

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 34 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरान्त सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 30 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-29.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।